एक नजर में

शायर बशीर बद्र के निधन पर सीएम ने जताया दु:ख

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद्मश्री से सम्मानित मशहूर शायर बशीर बद्र के निधन पर गहन दु:ख जताया और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. बद्र ने अपनी शायरी के माध्यम से मानवता के साथ जीने का संदेश दिया. उन्होंने अपनी रचनाओं से सदी के महान शायरों में स्थान बनाया और जिंदगी को आसान बनाने के सूत्र भी दिए. उनके लेखन में बेजोड़ रचनात्मकता के दर्शन होते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिजन, प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं.

दूसरे समाज में शादी करने वाली महिलाओं का अधिकार हो खत्म

श्योपुर, 28 मई. जो आदिवासी महिला दूसरे समाज में शादी कर लेती है, उसका अधिकार खत्म होना चाहिए.मैं इस मुद्दे को विधानसभा में उठाऊंगा. यह कहना है हाईकोर्ट द्वारा अपना चुनाव निरस्त होने के बाद न्यायिक लड़ाई लड़ रहे विधायक मुकेश मल्होत्रा का. उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी महिलाओं को कुछ लोग बरगला कर उनसे शादी कर लेते हैं।रखेल की तरह रखते हैं, पत्नी का दर्जा नहीं देते ओर उनके नाम पर पट्टे रजिस्ट्रियां ओर चुनाव तक लडबा देते हैं और फायदा उठाते हैं. जो आदिवासी महिला दूसरे समाज में शादी कर लेती है उसका अधिकार खत्म होना चाहिए में इस मुद्दे को विधानसभा में उठाऊंगा.

गुस्ताखी माफ

खाद-बीज कारोबारियों पर कृषि विभाग की सख्ती, बंद मिली दुकान पर कार्रवाई

- सैलाना में फर्म सील, जिलेभर में लिए गए उर्वरकों के नमूने
- अमानक मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज

रतलाम। खरीफ सीजन से पहले नकली खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों की बिक्री रोकने के लिए कृषि विभाग ने जिलेभर में सघन अभियान शुरू कर दिया है। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देश पर गठित निरीक्षण दलों ने गुरुवार को विभिन्न विकासखंडों में खाद-बीज विक्रेताओं की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया।

विकासखंड सैलाना में सचिन कृषि सेवा केन्द्र सरवन, अरुण कृषि सेवा केन्द्र सरवन और महेश कृषि सेवा केन्द्र सैलाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीओएस मशीन के स्टॉक का मिलान ई-उर्वरक एप से किया गया। निरीक्षण के समय सचिन कृषि सेवा केन्द्र बंद मिला। जानकारी के अनुसार किसान सुल्तान सिंह ई-टोकन लेकर खाद लेने पहुंचे थे, लेकिन दुकान संचालक बिना सूचना के दुकान बंद कर चले गए। इस पर उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी यादवेन्द्र सिंह निनामा ने तत्काल प्रभाव से फर्म को सील कर दिया। उप संचालक कृषि आर.के. सिंह ने चेतावनी दी कि जिले में कहीं भी इस प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सैलाना में तीन, जावरा में चार, रतलाम में छह तथा आलोट में दस उर्वरक नमूने लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं में भेजे गए हैं। जांच में नमूने अमानक पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत विक्रेताओं से ही बीज खरीदें और पक्का बिल अवश्य लें। विभाग ने कपास बीज की निर्धारित दरों की जानकारी देते हुए किसानों को एक ही फसल या एक ही किस्म पर निर्भर नहीं रहने की सलाह भी दी।

तड़पती गौरैया को देखकर बदली जिंदगी, 'पंछी सर' ने शुरू किया पक्षियों को बचाने का जनअभियान

नवभारत न्यूज

खंडवा। शहर से शुरू हुई एक संवेदनशील पहल आज देशभर में पक्षियों के संरक्षण का संदेश दे रही है। भीषण गर्मी में प्यास से तड़पती एक गौरैया को मरते देखने के बाद शंखपुष्पी महाराज उर्फ शंखपुष्पी महाराज ने अपना जीवन पक्षियों और प्रकृति की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

वर्ष 1998 से शुरू किए गए उनके राष्ट्रीय पक्षी बचाओ अभियान के तहत अब तक 10 लाख 16 हजार से अधिक पक्षी जल पात्र (सकोरे) निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं। खंडवा कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्वर्गीय रामलाल धनगया की स्मृति में 1000 पक्षी जल पात्रों के निशुल्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं जल पात्रों का पूजन कर किया। इसके बाद उन्होंने स्वयं वृक्षों पर जल पात्र बांधकर पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शंखपुष्पी महाराज ने कहा कि पशु-पक्षी, वन, जल और प्रकृति ईश्वर का स्वरूप हैं। पक्षियों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है और यह भारतीय संस्कृति की पुरानी परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि यदि धरती से पशु-पक्षी और वृक्ष समाप्त हो गए तो मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा।

पक्षियों के संरक्षण और जल पात्र रखने का संकल्प

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शुरुआत में शंखपुष्पी महाराज साइकिल से गांव-गांव जाकर अपने खर्च से सकोरे बांटते थे। आज यह अभियान मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों तक पहुंच चुका है।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, संयुक्त कलेक्टर बडोले सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने पक्षियों के संरक्षण और जल पात्र रखने का संकल्प लिया।

लापरवाही बरतने पर दो पटवारी निलंबित

ग्वालियर, 28 मई.कलेक्टर रुचिका चौहान ने पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता एवं आबादी सर्वे योजना के कार्य में अत्यंत धीमी प्रगति पाए जाने पर दो पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.

कलेक्टर द्वारा जिले में लंबित आबादी सर्वे प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि भितरवार अनुभाग के ग्राम गाजना में ड्रोन फ्लाई सर्वे एवं ग्राउंड ट्रुथिंग कार्य पूर्ण होने के बाद भी पटवारी राजाराम आदिवासी द्वारा कुल 164 प्लॉटों में से केवल 18 प्लॉटों का आर.ओ.आर. कार्य किया गया.इसी प्रकार घाटीगांव अनुभाग के ग्राम बरई में पटवारी रिचा शर्मा द्वारा कुल 1480 प्लॉटों में से केवल 290 प्लॉटों का आर.ओ.आर. कार्य किया गया, जो अत्यंत न्यूनतम प्रगति दर्शाता है।समीक्षा में यह भी सामने आया कि शासन की महत्वपूर्ण आबादी सर्वे (स्वामित्व) योजना के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए समय-समय पर निर्देश दिए जाने के बावजूद संबंधित पटवारियों द्वारा कार्य के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई गई.संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा भी दोनों पटवारियों के कार्य को असंतोषजनक बताया गया। कलेक्टर रुचिका चौहान ने इसे म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत दोनों पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.

अग्रिम जमानत देते वक्त अहम सबूतों का ठीक से परीक्षण नहीं हुआ

जबलपुर, 28 मई. एक्ट्रेस व माडल ट्विशा सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में हाईकोर्ट ने मृतिका की सास पूर्व जज गिरिबाला सिंह को मिली अग्रिम जमानत निरस्त कर दी है.भोपाल की जिला अदालत ने ये जमानत दी थी.

हाईकोर्ट ने 17 पेज का अपना फैसला देर रात जारी किया.हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि निचली अदालत ने अग्रिम जमानत देते वक्त केस से जुड़े अहम सबूतों का ठीक से परीक्षण नहीं किया.मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम जमानत न्यायपूर्ण नहीं है.मध्य प्रदेश सरकार की ओर से इस मामले में मजबूती से पक्ष रखा गया.इसके कारण हाईकोर्ट ने गिरिबाला सिंह की जमानत निरस्त कर दी.महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि सरकार की ओर से जिरह के दौरान हाईकोर्ट को बताया गया था कि ट्विशा के शरीर पर चोट के सात निशान पाए गए थे. ये सभी चोटें उसकी मौत के पहले की थी.

अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

घर से कट्टे और पिस्टल बनाने की मशीनें मिलीं

दतिया, 28 मई.भांडेर क्षेत्र में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने पर्दाफाश किया है.एसपी मयूर खंडेलवाल ने आज गुरुवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेस में यह जानकारी दी।

उनाव थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हथियार बनाने वाले एक वेल्डर को गिरफ्तार किया है.आरोपी के कब्जे से तैयार और अधबने कट्टों के साथ हथियार तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और मशीनें बरामद हुई हैं.पहले पकडे गए आरोपी से भी पिस्टल और कारतूस मिले थे.गिरफ्तार आरोपी अब्दुल रशीद उर्फ पप्पू वेल्डर (55) निवासी वार्ड क्रमांक 12 भांडेर लंबे समय से अवैध हथियार तैयार करने के काम में लगा था.आरोपी थाना उनाव में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहा था.

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे दबोच लिया.तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक 315 बोर की अधिया, तीन 315 बोर के कट्टे, दो अधबने कट्टे और हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाली लोहे की नाल, रॉड, स्प्रिंग, हैमर, छैनी, रेती, वेल्डिंग मशीन और होल मशीन सहित बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की गई।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी स्थानीय स्तर पर कट्टे तैयार कर सप्लाई करता था.इससे पहले इसी मामले में गिरफ्तार आरोपी नवलकिशोर झा के कब्जे से तीन कट्टे, एक 32 बोर पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस जब्त किए जा चुके हैं.पुलिस हथियारों की सप्लाई चेन और खरीदारों की जानकारी जुटाने में लगी है.

ओपन काष्ट खंती में डूबे दो किशोरों के शव मिले

छिंदवाड़ा / जुन्नारदेव. कोयलांचल क्षेत्र में वेकोली द्वारा छोड़ी गई असुरक्षित ओपन कास्ट खंतियाँ एक बार फिर दो परिवारों की खुशियाँ निगल गई हैं। डूंगरिया चौकी अंतर्गत कोठीदेव में वेकोली की प्रतिबंधित खंती में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई।

जन्मदिन की पार्टी मनाने गए 10 दोस्तों की टोली में शामिल दो किशोरों की जलसमाधि से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा है। बता दे कि बुधवार 27 मई की दोपहर लगभग 3:00 बजे, 10 किशोर जन्मदिन की पार्टी मनाने के लिए कोठीदेव स्थित वेकोली की प्रतिबंधित ओपन कास्ट खंती के पास पहुंचे थे। इसी दौरान, नहाने के उद्देश्य से उतरे दो किशोर राजा बनवंशी 17 वर्ष और आयुष जावरे 16 वर्ष दोनों निवासी तराक गहरी खंती में समा गए। घटना की सूचना मिलते ही जुन्नारदेव एसडीओपी सुनील वरकडे, थाना प्रभारी जे. मसराम, डूंगरिया चौकी प्रभारी अंजना मरावी, उप-निरीक्षक मुकेश डोंगरे और एसडीआरएफ प्रभारी गणेश धुर्वे की टीम मौके पर पहुंची।

वेकोली की लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

यह घटना कोयलांचल में वेकोली प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है कि प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बावजूद, वहां न तो कोई सुरक्षा घेराबंदी है और न ही पर्याप्त चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खंतियों के आसपास सुरक्षा के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। उत्खनन कार्य पूरा होने के बाद भी खंतियों को खुला छोड़ दिया जाना एक बड़ी प्रशासनिक विफलता है।

रेल परियोजना के अलाइनमेंट की समीक्षा के निर्देश

अश्विनी वैष्णव ने की ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना की समीक्षा

भोपाल , 28 मई. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के अलाइनमेंट की विस्तृत समीक्षा के निर्देश दिए हैं. यह परियोजना बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेल कनेक्टिविटी योजना मानी जा रही है, जो मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के दूरस्थ इलाकों को मुख्य रेल नेटवर्क से जोड़ने का काम करेगी.

ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन के तहत बनने वाली यह लाइन क्षेत्रीय विकास, रोजगार और आवागमन को नई गति देने की क्षमता रखती है. प्रस्तावित मार्ग मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से को झांसी-भोपाल मुख्य रेल मार्ग से जोड़ने की दिशा में अहम माना जा रहा है. परियोजना के अलाइनमेंट से जुड़ी रिपोर्ट्स, ड्रोन फोटोग्राफ्स और टोपो शीट का अध्ययन करने के बाद रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वर्तमान रूट का तकनीकी पुन: परीक्षण किया जाए. इसके लिए विशेषज्ञों की टीम गठित कर वैकल्पिक मार्गों का भी अध्ययन किया जाएगा, ताकि निर्माण के दौरान पर्यावरणीय प्रभाव को कम किया जा सके. यह रेल लाइन पन्ना के वन क्षेत्र से होकर गुजरती है, जिस कारण पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए योजना में संशोधन की संभावना पर विचार किया जा रहा है. अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अधिक से अधिक पेड़ों को बचाने के विकल्प तलाशे जाएं.

साथ ही यह भी कहा गया है कि जिन पेड़ों पर प्रभाव पड़ेगा, उनके मुकाबले दोगुने से अधिक पौधे आगामी मानसून से पहले लगाए जाएं. रेलवे ने स्पष्ट किया है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना प्राथमिकता है. यह परियोजना क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है.

रीवा-चारलापल्ली के बीच समर स्पेशल ट्रेन

पश्चिम मध्य रेलवे ने गर्मियों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रीवा-चारलापल्ली-रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. यह ट्रेन विशेष किराए पर 7 जून से 29 जून 2026 तक चलाई जाएगी, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी. यह ट्रेन रीवा से चलकर सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना, रानी कमलापति और इटारसी होते हुए चारलापल्ली तक जाएगी. रीवा से यह ट्रेन प्रत्येक रविवार दोपहर 12:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 2:45 बजे चारलापल्ली पहुंचेगी. वहीं वापसी में चारलापल्ली से यह ट्रेन सोमवार शाम 5:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 7:30 बजे रीवा पहुंचेगी. रेलवे के अनुसार, इस ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे, जिनमें सामान्य श्रेणी, शयनयान, एसी तृतीय श्रेणी, एसी द्वितीय श्रेणी और एसी प्रथम सह द्वितीय श्रेणी शामिल हैं. इससे लंबी दूरी के यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा मिलेगी. रास्ते में यह ट्रेन सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, बैतूल, आमला, नागपुर और बल्हारशाह जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव लेगी.

भिंड में मिहोनी के जंगल में आग, गांव तक पहुंची लपटें

भिंड, 28 मई. जिले के मिहोनी क्षेत्र के जंगल में भीषण आग लग गई है. आग ने बीहड़ के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया. आग की लपटें गांव के नजदीक तक पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई.फायर ब्रिगेड और प्रशासनिक अमला के मौके पर नहीं पहुंचने से ग्रामीण अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास कर रहे हैं। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई .

CENTRUM Home Loans — Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट एवं रजिस्टर्ड ऑफिस : यूनिट नं. 801, सेन्ट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व) मुंबई- 400098

CIN No. U65922MH2016PLC273826

शुद्धि-पत्र

यह सूचना दिनांक **26-05-2026** को समाचार पत्र में प्रकाशित कब्जा नोटिस के संदर्भ में जारी की जा रही है. उक्त नोटिस के क्रमांक 2 में **श्री रमेश गोगल्या, गीता बाई गोगल्या और परश राम गोगल्या** के ऋण खाते से संबंधित एक अन्य ऋण खाता संख्या पूर्व प्रकाशन में गलती से छूट गई थी. इसे संयुक्त रूप से LAN संख्या **UDRNM23011283** और **UDRNM24017304** के रूप में पढ़ा और माना जाएगा. इसके अतिरिक्त, उपर्युक्त ऋण खाते के संबंध में, देय कुल बकाया राशि **05-03-2026** की मांग सूचना की तिथि तक **रुपए 21,11,894/-(रु. इक्कीस लाख ग्यारह हजार आठ सौ चौरानवे मात्र)** मानी जाएगी. मूल प्रकाशन की अन्य सभी सामग्री, नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी और वैध एवं बाध्यकारी बनी रहेंगी.

स्थान : मध्य प्रदेश — **प्राधिकृत अधिकारी**

दिनांक : 29.05.2026 — **सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की ओर से**

कार्यालय नगर परिषद तराना जिला उज्जैन म.प्र.

Notice Inviting e-Tenders

Government of Madhya Pradesh

Urban Administration and Development Department

N.I.T. No /E-tender/Tarana / 2026/985 — Dated 27/05/2026

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

S. No.	Name of Work	District	Probable Amount of Contract (Rs. in lakh)	Earnest Money Deposit (EMD) (In Rupees)	Cost of Bid Document (In Rupees)	Period of Completion (in Months)	Tendar Call
01	MRF Processing shed at SWM plant 2026_UAD_510331_1	Ujjain	25.23 lacs	18928/-	5000/-	06 MONTH	I

1. Interested bidders can view the NIT on website https://mptenders.gov.in.

(विरेन्द्र कुमार मेहता)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् तराना, जिला उज्जैन

मनी लाड्रिंग मामला | परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक ने पत्नी की बीमारी का दिया हवाला

सौरभ शर्मा की जमानत की अर्जी पर अगले हफ्ते सुनवाई

जबलपुर, 28 मई. भ्रष्टाचार और मनी लान्ड्रिंग मामले में जेल में बंद परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा ने एक बार फिर हाई कोर्ट में जमानत की अर्जी दायर की है। शर्मा ने अपनी दूसरी जमानत अर्जी में दावा किया है कि उसकी पत्नी दिव्या तिवारी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं।

उनकी तत्काल सर्जरी जरुरी है और दो नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए परिवार में कोई अन्य जिम्मेदार व्यक्ति उपलब्ध नहीं है। अर्जी पर अगले सप्ताह सुनवाई संभावित है।

शर्मा ने अर्जी में कहा है कि उसकी पत्नी दिव्या तिवारी डिविएटेड नेजल सेप्टम और क्रोनिक साइनसाइटिस जैसी समस्या से पीड़ित हैं। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कहा गया है कि उन्हें तत्काल फंक्शनल एंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी की आवश्यकता है। यह भी कहा गया कि सर्जरी के बाद लंबे पोस्ट आपरेटिव केयर की जरुरत होगी और ऐसे समय में पति की मौजूदगी जरुरी है। उल्लेखनीय है कि ईडी और लोकायुक्त की जांच में सामने आया था कि सौरभ शर्मा ने कथित तौर पर अपनी करोड़ों की अवैध कमाई को छिपाने के लिए कई लोगों के नाम का इस्तेमाल किया। जांच एजेंसियों के अनुसार अविरल बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों में उसके दोस्त चेतन सिंह गौर, सहयोगी शरद जायसवाल और रोहित तिवारी को डायरेक्टर बनाया गया। रोहित तिवारी को उसका साला बताया गया है। इसके अलावा पत्नी दिव्या तिवारी, मां उमा शर्मा और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर भूखंड, मकान, पेट्रोल पंप, मछली पालन व्यवसाय, स्कूल प्रोजेक्ट और जमीनें होने के आरोप लगाए गए। जांच एजेंसियों के मुताबिक दुबई में करोड़ों का विला, भोपाल के आलीशान बंगले, ग्वालियर की जमीनें और इंदौर की आवासीय परियोजनाएं भी इसी नेटवर्क का हिस्सा थीं.

रेप पीड़िता को मिली गर्भपात की अनुमति

जबलपुर, 28 मई। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने बलात्कार पीडित 16 वर्षीय किशोरी को गर्भपात की अनुमति प्रदान की है। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पीडित 26 सप्ताह की गर्भवती है। जस्टिस देव नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि पीड़ित और उसके माता-पिता बच्चे के जिंदा पैदा होने पर उसे साथ रखने के लिए तैयार नहीं हैं, तो उसे जन्म की तारीख से 15 दिन बाद राज्य अधिकारियों या सीडब्ल्यूसी को सौंप सकते हैं। सरकार की तरफ से एकलपीठ को बताया गया कि पीडित के पिता ने एडिशनल सेशंस जज शहडोल के सामने प्रेग्नेंसी खत्म करने के लिए आवेदन किया है। पीड़िता रेप पीडित है और पिता प्रेग्नेंसी खत्म करना चाहते हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

सेन्ट्रल स्टोर्स विभाग

निविदा क्रमांक: स्टोर्स/14/2026-27 — **निविदा विज्ञप्ति (द्वितीय आमंत्रण)** — दिनांक: 27.05.2026

नगर पालिक निगम, इन्दौर को लगने वाली निम्न सामग्री क्रय करने हेतु ऑनलाइन निविदा आयटम रेट पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

अ. क्र.	ऑनलाइन टेंडर क्रमांक	सामग्री का विवरण	1) निविदा प्रपत्र की कीमत (₹) 2) अर्नेस्ट मनी की रकम (₹)	ऑनलाइन निविदा फॉर्म क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक एवं समय	ऑनलाइन तकनीकी निविदा ओपन करने की दिनांक एवं समय
1.	2026_UAD_511080_1	ग्रीन वेस्ट संग्रहण हेतु गारबेज बेग हरे कलर के	1) ₹2,000/- 2) ₹6,000/-	03/06/2026 को शाम 6:00 बजे तक	05/06/2026 को सुबह11:30 बजे के पश्चात

नोट: 1. निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखी एवं क्रय की जा सकती है।
2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सीधे ऑनलाइन प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त
सेन्ट्रल स्टोर्स विभाग, नगर पालिक निगम, इन्दौर